महोबा पुलिस

दिनांक- 07.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1001/26

ऐतिहासिक चरखारी मेला की तैयारियों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त निरीक्षण, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

जनपद महोबा के ऐतिहासिक चरखारी मेला के दृष्टिगत आज दिनांक 07.11.2026 को जिलाधिकारी महोबा श्री प्रभाष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा उप जिलाधिकारी चरखारी, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे एवं थानाध्यक्ष चरखारी श्री राहुल मिश्र के साथ मेला परिसर का संयुक्त भ्रमण कर तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1883 में तत्कालीन महाराजा सर मलखान सिंह जूदेव द्वारा प्रारंभ कराया गया चरखारी मेला अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान के लिए प्रसिद्ध है। प्रतिवर्ष कार्तिक मास में आयोजित होने वाले इस मेले में भगवान गोवर्धन नाथ जू की भव्य सवारी, अखिल भारतीय सम्मेलन, खेल प्रतियोगिताएं एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होते हैं। वहीं देवोत्थान एकादशी पर कार्तिक स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मूलभूत सुविधाओं, विद्युत व्यवस्था एवं साफ-सफाई आदि को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, प्रमुख एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला सुरक्षा के दृष्टिगत महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने हेतु आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मेला परिसर एवं प्रमुख आवागमन स्थलों पर निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने तथा उनके माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अव्यवस्था पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

इसके अतिरिक्त मेला परिसर में महिला सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित आयोजन के दृष्टिगत मीना बाजार में लगने वाली दुकानों का नियमानुसार आवंटन सुनिश्चित कराने तथा व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराते हुए आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।





महोबा पुलिस

दिनांक- 07.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1002/26

दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा ने पटाखा बिक्री स्थल मोदी ग्राउंड का किया स्थलीय निरीक्षण, सुरक्षा मानकों के कड़ाई से अनुपालन के दिए निर्देश।

आज दिनांक 07.11.2026 को जिलाधिकारी महोबा श्री प्रभाष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत पटाखा विक्रय हेतु निर्धारित स्थल मोदी ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पटाखा विक्रय स्थलों पर निर्धारित सुरक्षा मानकों, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता, पर्याप्त दूरी, आवागमन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पटाखा विक्रय स्थलों पर सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं तथा विक्रेताओं द्वारा निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि दीपावली पर्व के दौरान आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके दृष्टिगत सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्री रविकांत गोंड, उप जिलाधिकारी श्री शिवध्यान पांडेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह, प्रभारी अग्निशमन श्री महेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



महोबा पुलिस

दिनांक- 07.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1003/26

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा ने खाद वितरण केंद्र का किया औचक निरीक्षण, किसानों से संवाद कर निर्धारित मूल्य पर खाद की उपलब्धता का लिया जायजा।

- आज दिनांक 07.11.2026 को जिलाधिकारी महोबा श्री प्रभाष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा संयुक्त रूप से थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत स्थित खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।
- निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों से वार्ता कर खाद की उपलब्धता एवं निर्धारित मूल्य पर वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही यह भी जानकारी ली गई कि कहीं खाद की ओवररेटिंग अथवा नियमों के विरुद्ध बिक्री तो नहीं की जा रही है।
- इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती एवं प्रबंधन की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से खाद वितरण सुनिश्चित कराने तथा अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।
- इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे, थानाध्यक्ष चरखारी श्री राहुल मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



महोबा पुलिस

दिनांक- 07.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1002/26

दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में पैदल गश्त कर आमजन को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज दिनांक 07.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, मुख्य बाजार एवं भीड़भाड़ वाले मिश्रित आबादी क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बाजारों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की मुस्तैदी एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा सभी को सुरक्षित वातावरण का भरोसा दिलाया। साथ ही सभी से दीपावली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।

पैदल गश्त के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाजारों, प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने, निरन्तर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

जनपद पुलिस द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार पैदल गश्त, भ्रमण एवं चेकिंग की जा रही है, जिससे आमजन एवं व्यापारी निर्भीक होकर हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व मना सकें।








महोबा पुलिस

दिनांक- 07.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1003/26

दीपावली त्यौहार की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित वृद्धाश्रम एवं अनाथालय पहुंचकर बुजुर्गों एवं बच्चों को मिष्ठान/फल वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनसे स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया गया एवं पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 07.11.2026 को दीपावली त्यौहार की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित आधारशिला वृद्धा आश्रम एवं प्रांतीय बाल सेवा सदन अनाथालय पहुंचकर बुजुर्गों एवं बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बुजुर्गों एवं बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे आत्मीय संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें अपनत्व एवं सुरक्षा का एहसास कराते हुए त्यौहार की खुशियों में सहभागी बने।

सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा वृद्धा आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों से मुलाकात की गई तथा उनका कुशलक्षेम जाना गया। इस दौरान उनके रहन-सहन, स्वास्थ्य एवं आश्रम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बुजुर्गों से आत्मीयता के साथ बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी ली गई।

इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बाल सेवा सदन अनाथालय महोबा पहुँचकर बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया गया। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शिक्षा एवं कैरियर निर्माण के संबंध में बातचीत कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों के साथ पटाखे एवं फुलझड़ियाँ जलाकर दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा उनके साथ खुशियों के पल साझा किए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों एवं अनाथालय के बच्चों को मिष्ठान एवं फल वितरित किए गए तथा सभी को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को त्यौहार हर्षोल्लास एवं सुरक्षित ढंग से मनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं बुजुर्गों से स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी के साथ आत्मीयतापूर्वक समय व्यतीत कर त्यौहार की खुशियां साझा की गईं। इस पहल के माध्यम से पुलिस की जनसेवा, सामाजिक सहभागिता एवं मानवीय संवेदनाओं के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई तथा व्यापारियों एवं आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया गया। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सेक्टरवार पुलिस बल की तैनाती कर भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं बाजारों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से भी अपील की गई कि दीपावली पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं तथा सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में निरन्तर गश्त, भ्रमण एवं प्रभावी पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





दिनांक- 07.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1003/26

महोबा पुलिस

दीपावली की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक महोबा की तीन महत्वपूर्ण पहल, सुरक्षा व्यवस्था से लेकर बुजुर्गों एवं बच्चों के बीच पहुँचकर साझा कीं त्योहार की खुशियाँ...।

दीपावली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने तथा त्योहार की खुशियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर सुरक्षा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ की गईं।

1. वृद्धाश्रम पहुँचकर बुजुर्गों के साथ साझा कीं दीपावली की खुशियाँ-

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा वृद्धाश्रम पहुँचकर वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना गया तथा उन्हें फल एवं उपहार वितरित किए गए। इस दौरान बुजुर्गों के साथ आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना और उनके बीच समय व्यतीत कर दीपावली की खुशियाँ साझा की गईं।

2. बाल सेवा सदन अनाथालय में बच्चों को शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए किया प्रेरित-

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बाल सेवा सदन अनाथालय महोबा पहुँचकर बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया गया। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शिक्षा एवं कैरियर निर्माण के संबंध में बातचीत कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों के साथ पटाखे एवं फुलझड़ियाँ जलाकर दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा उनके साथ खुशियों के पल साझा किए गए।

3. बाजारों में पैदल गश्त एवं ड्रोन से निगरानी कर परखी सुरक्षा व्यवस्था-

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई तथा व्यापारियों एवं आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया गया। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सेक्टरवार पुलिस बल की तैनाती कर भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं बाजारों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

पुलिस अधीक्षक महोबा की इन पहलों के माध्यम से एक ओर जहाँ आमजन को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण दीपावली का भरोसा दिलाया गया, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों एवं बच्चों के बीच पहुँचकर पुलिस के मानवीय, संवेदनशील एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े स्वरूप को भी प्रदर्शित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

महोबा पुलिस की प्रतिबद्धता — सुरक्षा भी, संवेदना भी।



